हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–297 : जौनपुर, मंगलवार 08 मार्च 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## कई सवाल भी छोड़ गया है काशी का सियासी रण : ढूंढ़ने होंगे वाराणसी में उठे सवालों के जवाब

लखनऊ ब्यूरो : काशी की धरती ने भी अपना फैसला सुना दिया। इसके साथ ही मतदान संपन्न हो गया। पर, काशी में कुछ सवाल ऐसे भी गूंजे जिनका देर–सबेर भाजपा नेतृत्व को जवाब तलाशना ही होगा। विकास, विरासत के काम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक के बाद एक प्रवास से भाजपा चुनाव जीत भी जाती है, तो भी इन सवालों का जवाब तलाशे बिना भविष्य में काशी की धरती पर भाजपा की विजय यात्रा को निर्बाध गति से जारी रखना असंभव नहीं, तो मुश्किलों भरा जरूर हो सकता है। सवालों का जिक्र करने से पहले इसकी पृष्ठभूमि समझना जरूरी है। देखा जाए तो 2014 में भाजपा की ओर से पेश प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी नरेंद्र मोदी के वाराणसी से चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद से काशी की पुरातन भाजपा ने नया चोला पहनना शुरू कर दिया था। इसका असर आगे आने वाले चुनावों में भी देखने को मिला। वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व वाली नई भाजपा ने उत्तर प्रदेश के शेष इलाकों की तरह काशी की धरती पर भी जीत के लिए नई रणनीति का ताना–बाना बुना था। यहां की आठ सीटों में एक शहर उत्तरी सीट को छोड़कर शेष सभी सात सीटों पर पुराने चेहरे बदल दिए गए थे। यहां तक कि सात बार के विधायक श्यामदेव राय चौधरी तक का टिकट काटकर उनके स्थान पर नीलकंठ तिवारी जैसे नए चेहरे को मैदान में उतारा गया था। भाजपा के पूर्व मंत्री एवं जनसंघ के समय के नेता कई बार के विधायक हरिश्चंद्र श्रीवास्तव की पत्नी ज्योत्सना श्रीवास्तव जो खुद भी तीन बार विधायक रहीं, उनका भी टिकट बदलकर उनके पुत्र सौरभ श्रीवास्तव को लड़ाया गया था। यही प्रयोग भाजपा ने जिले की रोहनिया, पिंडरा और शिवपुर सीटों पर भी किया था। जबकि, सहयोगी अपना दल (एस) के खाते में जाने की वजह से अजगरा व सेवापुरी सीट पर भाजपा नहीं लड़ी थी। यही नहीं, नई भाजपा ने नया प्रयोग करते हुए काशी में अपने खाते की कुछ सीटों पर पार्टी काडर के पुराने कार्यकर्ताओं की जगह दूसरे दलों से आए नेताओं को तवज्जो देकर विधायक बनाया था। इनमें से कोई बसपा से भाजपा में आया था, तो कोई अन्य किसी दल से। यह प्रयोग सफल भी रहा और भाजपा गठबंधन सभी सीटों पर जीतने में कामयाब रहा। इनमें से तीन विधायकों–नीलकंठ तिवारी, रवींद्र जायसवाल और अनिल राजभर को प्रदेश सरकार में मंत्री भी बनाया गया। वाराणसी से प्रधानमंत्री मोदी के सांसद चुने जाने और यहां के तीन विधायकों को प्रदेश सरकार में मंत्री बनाने के बाद यह माना जा रहा था कि अब आगे काशी की धरती पर होने वाले सियासी रण को फतह करने में भाजपा के सामने किसी तरह की चुनौती नहीं होगी। पर, विधानसभा चुनाव में चुनौती मिलती दिखी इससे कोई इनकार नहीं कर सकता। सवाल जो सहज ही उठ खड़े हुए काशी में जिस तरह पीएम मोदी ने 2017 में भाजपा का झंडा फहराने के लिए जोर लगाया था, आखिर क्यों वैसा ही जोर इस चुनाव में भी लगाना पड़ा? वाराणसी समेत आसपास के जिलों में विकास कार्यों की लंबी लकीर खींचने के बावजूद अगर ऐसा करना पड़ा तो यह सवाल सहज ही उठ खड़ा होता है कि जिस काशी में 2017 के पहले बिना किसी विकास कार्य और बिना किसी लहर के श्यामदेव राय जैसे सरल व सामान्य नेता शहर दक्षिणी सीट से 7 बार जीत दर्ज करते हैं, उसी सीट पर मंत्री को जिताने के लिए पीएम को रोड शो क्यों करना पड़ा? जबकि, भाजपा अयोध्या के बाद वाराणसी को ही विकास और विरासत को सहेजने के मॉडल के रूप में पेश किया। यह विडंबना ही है कि पहले विधायक मिलकर सांसदों को जिताते थे और अब सांसद विधायकों को जिताने के लिए उतर रहे हैं। शीतयुद्ध चलता रहा पर पदाधिकारी अनदेखी करते रहे भाजपा के एक पूर्व प्रदेश पदाधिकारी कहते हैं, इसकी प्रमुख वजह जीत के निहितार्थों को ठीक से न समझ पाना या समझने में असफल रहना है। जीतने वालों को यह लगा कि पीएम मोदी पर जनविश्वास ने उनकी जीत सुनिश्चित की है, ऐसा था भी। पर, वे एक गलत धारणा पाल बैठे कि उन्हें कुछ करने की जरूरत ही नहीं है। लिहाजा वे हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। अपने स्तर पर न तो उन्होंने जनता की जरूरतों को समझने की आवश्यकता समझी और न अपनी जवाबदेही महसूस की। दूसरी तरफ जिन विधायकों को मंत्री पद नहीं मिला, वे भी कहीं न कहीं अपनी असफलताओं का ठीकरा मंत्री बने विधायक साथियों पर फोड़ते रहे। मंत्री–विधायकों का शीतयुद्ध चलता रहा और पदाधिकारी अनदेखी करते रहे। विधायकों पर जनता के भरोसे का सवाल बड़ा हो गया जब चुनाव का बिगुल बजा और विपक्ष की तरफ से व्यूह रचना होने लगी तब जाकर भाजपा को एहसास हुआ कि उनके विधायकों के खिलाफ आम लोगों में नाराजगी है। विधायक जनता के भरोसे पर पूरी तरह से खरे नहीं उतर पाए हैं। यही वजह रही कि प्रधानमंत्री को बतौर काशी के सांसद अपने संसदीय क्षेत्र में जमीन पर उतरना पड़ा, ताकि वे अपने भरोसे की डोर से अपने संसदीय क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवारों की जीत का रथ खींचकर अपनी और भाजपा की साख बचा सकें।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कोरोना नियंत्रण के यज्ञ में मां की ममता को दाव पर लगा कर जुटी रही आधी आबादी

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : दो साल तक के छोटे बच्चों के साथ कोरोना योद्धा के तौर पर अग्रिम पंक्ति में कार्य कर जिले की आधी आबादी ने एक मिसाल पेश की है। आशा, एएनएम, चिकित्सक और स्टॉफ नर्स जैसी भूमिकाओं के जरिये कोरोना नियंत्रण के यज्ञ में मां की ममता को भी दांव लगा कर जिम्मेदारी निभाया और समुदाय के लिए भी मां की भूमिका में रहीं। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वास्थ्य विभाग से जुड़ीं ऐसी 5500 से अधिक कोरोना योद्धाओं के प्रति जनपदवासी कृतज्ञ है। नंदानगर निवासी आशा कार्यकर्ता सिंधु देवी (23), फरवरी 2020 में ही आशा के तौर पर स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी और मार्च में कोविड का संक्रमण फैलने लगा। स्वास्थ्य सेवा संबंधित योगदान देने के लिए आशा कार्यकर्ता बनीं सिंधु के लिए शुरुआती दौर ही चुनौतीपूर्ण रहा। सिंधु बताती हैं कि कोविड का पहला चरण ऐसा था जिसमें दिन भर काम करने के बाद कई बार देर शाम तक घर लौटना होता था। घर–घर मरीजों को ढूंढना पड़ता था। उस समय उनके छह माह के बच्चे की देखभाल उनकी सास करती थीं। बच्चे को स्तनपान दिन भर के बाद ही करा पाती थीं और उस दौरान कोविड से बचाव के लिए एहतियातन मास्क लगाना पड़ता था। सिंधु कहती हैं कि परिवार के सहयोग के बिना सामुदायिक योगदान संभव न हो पाता। जंगल कौड़िया में एएनएम विनीता वर्मा (32) का जीवन और चुनौतीपूर्ण रहा। उनके पति विमल वर्मा स्वास्थ्य विभाग में रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) में थे और विनीता खुद कोविड ड्यूटी कर रही थीं। उस समय उनके बच्ची की उम्र महज 2.8 माह थी । कोविड की पहली लहर में मरीजों के घर दवा पहुंचाने की जिम्मेदारी थी। उनकी रिश्तेदार बच्ची को देखती थीं और पति–पत्नी समुदाय की सेवा करते थे। बच्ची का मोह दिन भर सताता था। ड्यूटी कर घर वापस लौटने के बाद भी तुरंत बच्चे के पास नहीं जा सकते थे। नहाने के बाद मास्क लगा कर बच्चे को छूते थे। दूसरे और तीसरे चरण में टीकाकरण की ड्यूटी करनी पड़ी जो और भी चुनौतीपूर्ण थी। सुवह 10 बजे से शाम चार बजे तक भीड़भाड़ का सामना कर जिम्मेदारी निभानी पड़ती थी। आठ हजार से अधिक लोगों को टीका लगाने वाली विनीता का कहना है कि अभी भी कोविड के प्रति सतर्क रहना होगा और मास्क, दो गज की दूरी एवं हाथों की स्वच्छता जैसे नियमों का पालन करना ही होगा। दीवान बाजार की स्टॉफ नर्स अर्चना मौर्या (35) ने तो फर्ज निभाने में एक अलग ही मिसाल पेश की । उनके घर में सिर्फ वह और दो बच्चे रहते हैं। पति बाहर रहते हैं । जब कोविड आया तो उनकी बड़ी बेटी की उम्र 10 साल और छोटे बेटे की उम्र महज दो साल थी । कोविड मरीजों की स्क्रिनिंग, सैंपलिंग, आरआरटी सपोर्ट और टीकाकरण जैसी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए अर्चना बच्चों को घर में बाहर से लॉक करके जाती थीं। बड़ी बेटी, छोटे बच्चे का ध्यान रखती थी। दोनों घर में टीबी देख कर समय काटते थे। कोविड के पीक समय में अर्चना घर में बच्चों से अलग सोती थीं। वह बताती हैं कि जब उन्हें खुद कोविड हो गया तो देवर को बुलाया और घर में आइसोलेट रहीं । कई बार देर शाम तक मीटिंग में भी रहना पड़ता था । बच्चों की सुरक्षा के लिए उन्होंने हमेशा घर में भी कोविड नियमों का पालन किया। दूसरी लहर को नहीं भूल सकतीं डॉ शालिनी झरना टोला और रामपुर की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शालिनी के बड़े लड़के विवान को एलर्जिक अस्थमा की शिकायत थी और वह आक्सीजन सपोर्ट पर भी रह चुका था । घर का सबसे छोटा बच्चा युवान एक साल का था और सबसे बड़ी बच्ची सुहानी सात साल की । पहली लहर में डॉक्टर शालिनी ने खुद को आइसोलेट कर लिया और बच्चों की देखभाल सास साधना श्रीवास्तव और पति एसपी श्रीवास्तव करते रहे, लेकिन दूसरी लहर काफी चुनौतीपूर्ण रही। दूसरी लहर में सास और पति दोनों कोविड पॉजीटिव हो गये। ऐसे मुश्किल हालात में घर की मेड ने बच्चों की देखभाल की । डॉ. शालिनी बताती हैं कि वह कोविड के सभी लहरों के दौरान पूरी तरह से सैनेटाइज होकर ही परिवार के संपर्क में आईं । उनके स्टॉफ ने सबसे ज्यादा सहयोग किया । कोविड की तीसरी लहर में कोई खास दिक्कत नहीं हुई। अब बच्चे भी बिना मास्क बाहर नहीं जाते हैं और हाथों की स्वच्छता का विशेष ख्याल रखते हैं। मातृशक्ति को नमन अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन समस्त मातृशक्ति को नमन जिनकी वजह से कोरोना नियंत्रण की लड़ाई आसान हो सकी । कोविड नियंत्रण से लेकर कोविड टीकाकरण तक में आधा आबादी ने निश्चित तौर पर उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। भारत की महिलाएं हैं महान, अपने हौसलों से भरती हैं उडान। किसी से न शिकायत, न कोई थकान।


## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक


## 10 मार्च को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया जाएगा मतगणना– डीएम

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : विधानसभा चुनाव की मतगणना 10 मार्च को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय वाणिज्य संकाय कला संकाय दीक्षा भवन में मतगणना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराया जाएगा जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सबसे पहले पोस्टल बैलेट पेपर की मतगणना होगी आए हुए मतपत्रों की स्क्रीनिंग करने के बाद प्रेक्षक व प्रत्याशियों या उनके एजेंट की मौजूदगी में कराई जाएगी तत्पश्चात ईवीएम की काउंटिंग प्रारंभ की जाएगी। इस बार बैलेट पेपरों के माध्यम से अधिक वोटिग हुई हैं तो पांच सौ बैलेट पेपरों की गिनती के लिए एक मेज लगाई जाएगी। अलग–अलग विधानसभाओं का अलग–अलग काउंटिंग में लगाया जाएगा वहीं, ईवीएम के वोटों की गिनती के लिए हर विधानसभावार 14–14 मेजें लगाई जाएंगी। मतगणना कार्मिकों का रेंडमाइजेशन कर लिया गया हैं। मतगणना कार्मिकों की ड्यूटी लगाई जा चुकी है यह 10 मार्च को पता चलेगा किस क्रमिक की किस विधानसभा में किस मेज पर ड्यूटी लगाई गई है एक मेज पर चार कार्मिक होंगे एक मेज पर पर्यवेक्षक, माइक्रो आब्जर्वर, मतगणना सहायक और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लगा दिया गया है। प्रत्येक मेज पर उम्मीदवारों के एक–एक अभिकर्ता तैनात रहेंगे। उन्हीं के समक्ष ईवीएम से मतगणना होगी। मतगणना के लिए सिर्फ कर्मचारी को ईवीएम का पावर बटन आन करने के बाद रिजल्ट बटन ही दबाना है और रिजल्ट सामने आ जाएगा।मतगणना के लिए डेटा सेंटर स्थापित किया जाएगा। इसमें बाकायदा कंप्यूटर भी लगाए गए हैं। उधर जब मेजों पर मतगणना चक्र पूरा हो रहा होगा, तो इधर प्रति चक्र का डेटा चुनाव आयोग की साइट पर फीड होता रहेगा। डेटा सेंटर से ही मतगणना की जानकारी लाउड स्पीकर से दी जाएगी। 4126 बूथों की ईवीएम को मतदान के बाद दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के स्ट्रांग रूम में अर्धसैनिक बलो के सुरक्षा घेरे में रखी गई हैं। प्रत्येक स्ट्रांग रूम के कमरे में सीसी कैमरा लगा है जिसकी निगरानी बराबर की जा रही है। 10 मार्च को इंस्टाग्राम से मतगणना स्थल पर कड़ी सुरक्षा के साथ लाया जाएगा मतदान अभिकर्ता व ड्यूटी में लगाये गये कर्मचारियों के समक्ष मतगणना किया जाएगा।

## शहर में नकली किन्नरों का बोलबाला कर रहे हैं धन उगाही

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।शहर में नकली किन्नरों का बोलबाला है.कुछ युवक नकली किन्नर बन कर व्यवसाय कर रहे हैं, जिसके कारण उनकी पिटाई का भी मामला सामने आता रहता है। ऐसा ही एक मामला अयोध्या में सामने आया, जहां थाना महाराजगंज क्षेत्र के अंतर्गत चौकी पूरा बाजार के रसूलाबाद चौराहे के पास स्थित अभिषेक दूबे नाम का एक युवक किन्नर बनकर गॉव में जाकर लोगो से नेक के नाम पर राशि की वसूली करता था ।और जब उसे रुपये नही मिलता था तो लोगो को बद्दुआ भी दे देता था ।तो वही लोगो की बीच जाकर अपने आपको किन्नर समाज की मुखिया रही स्वर्गीय गुलशन बिंदु की बेटी बताया करता था ।जब गॉव के ही एक घर वाले इससे परेशान हुए तभी इसकी सूचना स्वर्गीय गुलशन बिंदु की चेला किन्नर पिंकी मिश्रा को दी ।सूचना मिलने के बाद किन्नर पिंकी मिश्रा अपने साथियों के साथ रसूलाबाद गॉव पहुँची जहां नकली किन्नर बने युवक को तत्काल वहाँ से अपने क्षेत्र लाकर कर कोतवाली नगर पुलिस के हवाले कर दिया वहीं पकड़े गए नकली किन्नर को लेकर किन्नर पिंकी मिश्रा ने कहा कि ये युवक नकली किन्नर बनकर लोगो को परेशान और उनसे लूट करता था ।और लोगो से कहता था कि मै गुलशन बिंदु की बेटी हूँ ।उन्होंने कहा कि मेरी गुरु पर दाग लगा रहा ।इसलिए हम अपने गुरु पर दाग लगता नही देख सकते है ।मेरी गुरु जी की बेईज्जती कर रहा था ।अगर ये हमारे इलाके के बाजार में आता तो हम किन्नर समाज के लोग बदनाम होते ।किन्नरों का आरोप है कि कुछ युवक महिलाओं के



कपड़े पहन कर किन्नर बनकर बस्ती में जाते हैं, जबकि यह असली किन्नर नहीं हैं. ऐसे में उनकी नहीं, किन्नर समाज के लोगों की इज्जत खराब कर रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे नकली किन्नर जिनका कोई ठिकाना नहीं है. ये किसी भी घर में वारदात भी कर सकते हैं ।वही कहा युवक बने नकली किन्नर को पुलिस के हवाले करके की कानूनी कार्यवाही की मांग की है ।उन्होंने कहा कि उसे एक बार पहले भी किन्नर समाज के लोगों ने पकड़ा था परंतु सुधरने की बात पर उसे छोड़ दिया गया था ।अभिषेक नौटंकी में काम करता था पर वहां रातभर मेहनत करने के बाद भी बहुत कम पैसे मिलते थे ।और नकली किन्नर बनकर वह थोड़े समय में धौंस जमाकर समान सहित अच्छी रकम कमा लेता था ।दरसअल रसूलाबाद में एक गांव मे महीनों से किन्नर की वेशभूषा पहनकर लोगों को करता था गुमराह। वह बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के तिवारी का पुरवा का अभिषेक दुबे रहने वाला है।

## लायंस क्लब क्षितिज ने विभिन्न क्षेत्र की सशक्त महिलाओं को किया सम्मानित

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : लायंस क्लब क्षितिज ने नगर के एक होटल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों से सामाज में अग्रणी भूमिका निभा रही महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर अंकिता राज जो आकांक्षा समिति की अध्यक्ष हैं ने महिलाओं की परिवार व समाज में जिम्मेदारी, उनके अधिकारों, सुरक्षा, पारिवारिक मूल्य, टाइम मैनेजमेंट और पारिवारिक बजट के बारे में चर्चा की और स्वयं को जौनपुर की बेटी बताया। विशिष्ट अतिथि माननीय सोनम गुप्ता जी जो दीवानी न्यायालय जौनपुर में सिविल जज हैं उपस्थित रहीं। उन्होंने अपनी एक कविता के माध्यम से नारी शक्ति के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ ज्योति सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। वह डी लिट की उपाधि से सम्मानित होने वाली जनपद जौनपुर की प्रथम महिला हैं। उन्होंने अपने उदबोधन में कहा मैं जौनपुर की बहू हूँ और लायंस क्लब क्षितिज ने जो सम्मान मुझे दिया है मुझे भी ऐसे कार्य करने को प्रेरित करता है कि मैं आपके दिए गए सम्मान का मान रख सकूं। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को माल्यार्पण व अंगवस्त्रम देकर किया गया। इसके उपरांत जौनपुर के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस क्रम में सुश्री नीता वर्मा जो महिला कल्याण अधिकारी हैं को प्रशासनिक क्षेत्र से, श्रीमती सरिता मिगलानी को व्यापार क्षेत्र में, उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ अंजू कनौजिया को चिकित्सा क्षेत्र में, श्रीमती नीतू सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में, श्रीमती कृष्णा चौरसिया को व्यापार जगत से, श्रीमती मंजू जयसवाल जी को नृत्य व खेलकूद क्षेत्र से, सुश्री पारुल नंदा जी को संगीत एवं कला क्षेत्र से और सुश्री समृद्धि साहू को महिला सुरक्षा व ताइक्वांडो में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया गया। संस्था अध्यक्ष चेतना साहू ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत




व अभिनंदन किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा की धरती से लेकर आकाश तक के हर क्षेत्र में महिलाओं का अतुलनीय योगदान रहा है। तत्पश्चात जोन चेयरपर्सन अर्चना सिंह ने अपने उद्बोधन में नारी की प्रचंड शक्ति का विस्तृत वर्णन किया और आए हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। संस्था सचिव नीतू सिंह ने सभी नारी शक्तियों से आह्वाहन किया कि आप ना डरे, ना रुके आगे बढ़ती रहें। संस्थापक अध्यक्ष यवनिका सिंह ने महिलाओं के सशक्तिकरण के बारे में चर्चा की अंत में कार्यक्रम संयोजक वंदना गुप्ता व आराधना सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। लॉयनेस श्रद्धा जायवाल द्वारा कार्यक्रम का सुंदर संचालन किया गया। लायन डॉ प्रिया सिंह, सिल्की श्रीवास्तव, रेखा सिंह, सुषमा सोनकर, वंशिका सिंह, सीमा सहाय, आराधना सिंह, रिंकी श्रीवास्तव, ज्योति जायसवाल, निशा कनौजिया, अंजली गुप्ता ने सभी सम्मानित अतिथियों का जीवन परिचय दिया। इस अवसर पर नीलम जायसवाल, जूही सिंह, पूनम जायसवाल, किरण सेठ, शिल्पी जायसवाल, मीना गुप्ता, सिल्की जायसवाल, शिवानी चौरसिया, बबीता जायसवाल, चांदनी साहू, सुधा बैंकर आदि ने अपनी सक्रिय सहभागिता दी।

## समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उर्वशी सिंह को किया गया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महिला दिवस के अवसर पर जे सी आई चेतना के पदाधिकारियों और सदस्यों ने शहर के रघुवंशी होटल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें समाज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट अध्यक्षा श्रीमती उर्वशी सिँह को सम्मानित किया, उर्वशी सिंह ने कहा कि महिलाओ को ऐसे सम्मानित करके लोग एक दूसरे का हौसला बढ़ाते हैं, आज ये सम्मान अपने शहर के महिलाओ के हाथो पाकर बहुत गौरवांवित महसूस कर रही हू, उर्वशी सिँह ने पूरे कोरोना के महामारी




मे 2 साल से लगातर कहीं ना कहीं से लोगों की मदद करती रही, आज भी जब किसी को खून की जरूरत पड़ती हो या कोई मेडिकल समस्या हो या महिलाओं को कोई जरूरत हो तो बिना समय देखे अपने स्तर तक कार्य करके लोगों की मदद करती रहती है, उर्वशी सिँह समय समय पर जागरूकता संदेश और महिलाओ और बच्चियों को आत्म निर्भर बनाने और जागरूक करने के लिए बहुत सारे कार्यक्रम करती रहती है, उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है जिसके लिए विगत कई वर्षों से महिलाओं और बच्चियों के लिए कार्य कर रही हैं! पिछले दिसंबर मे इनके अच्छे और उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिल्ली मे भी इनको अटल बिहारी वाजपेयी सम्मान से भी सम्मानित किया गया, कई. बार कोरोना वारियर्स से भी सम्मानित किया गया! उर्वशी सिंह ने ये सम्मान पाकर जे सी आई चेतना की मीरा अग्रहरी जी को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज महिलाएं अगर एक दूसरे के साथ कदम से कदम मिलाकर चले तो इस समाज की एक अलग तस्वीर ही दिखेगी, उन्होंने अभिलाषा श्रीवास्तव और सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया!


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

कुछ देने के लिए दिल बड़ा होना चाहिए, हैसियत नहीं।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## जमीनी विवाद को लेकर मंगलवार की सुबह पट्टीदारों मे जमकर चला लाठी डंडा एवं लात घुसा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के किसुनपुर मेंजा गांव में जमीनी विवाद को लेकर मंगलवार की सुबह पट्टीदारों ने मूक बधिर बेटी एवं उसकी मां की लाठी डंडा एवं लात घुसा से पिटाई कर घायल कर दिया घायल मां बेटी कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत किया है। किशुनपुर मेंजा गांव में राम सागर पटेल एवं सभा पटेल दोनों सगे भाई के बीच काफी दिनों से जमीनी विवाद चला आ रहा है बताते हैं कि बड़े भाई के बीमार रहने के कारण छोटे भाई की नियत खराब हो गया और उनके जमीन के कुछ हिस्से की हड़पने की नियत रखते हुए आए दिन राम सागर पटेल के परिजनों को परेशान करने लगे। मंगलवार की दोपहर रामसागर की पत्नी द्रौपदी और उनकी मूकबधिर बेटी शशिकला जानवरों के लिए चारा काट कर अपनी जमीन में रख रही थी तभी बताते हैं कि जमीन हड़पने की नीयत रखने वाले देवर सभा पटेल ने विरोध किया। जिसके बाद देवर एवं भौजाई में कहासुनी होने लगी। बात बढ़ने पर आरोप है कि देवर सभा पटेल ने अपने पुत्र आनंद पटेल और पत्नी आशा देवी को मारने के लिए ललकारा। जिसके बाद सभा का पुत्र आनंद पटेल लाठी लेकर अपनी मां आशा देवी के साथ मौके पर पहुंच गया। और अपने बड़ी मां द्रोपदी की लाठियों से पिटाई करने लगा। छुड़ाने के लिए मूकबधिर बेटी शशिकला गई तो उसको भी जमकर मारा पीटा गया। दोनों मां बेटी गंभीर रूप से घायल होने के बाद मड़ियाहूं कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दिया। पुलिस ने तहरीर लेकर मेडिकल मुआयना कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ियाहूं भेज दिया है। मामले में कोतवाली प्रभारी अशेष नाथ सिंह ने बताया कि घायल का मेडिकल करा कर हल्का पुलिस द्वारा मामले की जांच करवाने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## वर्तमान रूस–यूक्रेन संकट में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की कुशल रणनीति : मृत्युंजय दीक्षित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : समीक्षक मृत्युंजय कुमार दीक्षित के अनुसार आज हर जगह केवल रूस –यूक्रेन संकट की चर्चा है और साथ ही पूरी दुनिया की निगाहें इस संकट पर भारत की भूमिका पर हैं । भारत सरकार ने अभी तक इस प्रकरण पर बहुत ही संतुलित व तटस्थ भूमिका का निर्वाहन किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा सहित जिन मंचों पर रूस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव या अन्य जितने भी प्रस्ताव पास हुए हैं उन सभी में मतदान के दौरान भारत अनुपस्थित ही रहा है। यह पंक्तियाँ लिखे जाने तक भारत के रूख से रूस और अमेरिका सहित विश्व के सभी देश खुश हैं । यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और विदेश के बड़े नेताओं के साथ उनकही मैत्री का ही परिणाम है कि जंग के खतरनाक दौर में भी रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन जहां उनसे फोन पर बात कर रहे हैं और भरतीय छात्रों की सकुशल वापसी के लिए सुरक्षित मार्ग दे रहे हैं वहीं दूसरी ओर यूक्रेन भी भारत की ओर देख रहा है और नरेंद्र मोदी से मदद की अपील कर रहा है ताकि युद्ध को रोका जा सके, यूक्रेन के पड़ोसी देश भारतीय छात्रों की वापसी में सहयोग कर रहे हैं। आज भारत ने जो तटस्थ नीति अपनायी है जहां उसकी जहाँ पूरे विश्व में प्रशंसा हो रही है वहीं मोदी विरोधी मीडिया इस बात पर भी अपना नकारात्मक प्रवचन चला रहा हैं। पष्चिमी जगत के मीडिया की नकल करने वाला मीडिया का एक वर्ग यह भी कह रहा है कि भारत को इस युद्ध में रूस के निंदा प्रस्ताव में रूसी कार्यवाही के विरोध में अपना मत देना चाहिए था , आखिर क्यों ? भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी जो भूमिका निभायी है उसके कारण भारत के दो धुर विरोधी चीन और पाकिस्तान भी हैरान हो रहे हैं तथा वहां के टीवी चौनलों पर बड़ी बहसें हो रही हैं कि आखिर मोदी जी के दिमाग में चल क्या रहा है। भारत की वर्तमान रणनीति की पृष्ठभूमि पर हम सभी को नजर डालनी होगी और अपना विस्मृत ज्ञान का भंडार फिर से ताजा करना होगा क्योंकि यूक्रेन एक ऐसा देश रहा है जिसने कभी भी किसी भी संकट में भारत का साथ नहीं दिया है और वह सदा ही भारत विरोध का रवैया अपानाता रहा है।। यूक्रेन की सरकार ने न तो पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी सरकार के कार्यकाल में परमाणु परीक्षण के मुददे पर भारत का साथ दिया और नहीं आतंकवाद के मुददे पर। यूक्रेन सदा पाकिस्तान व चीन के साथ खड़ा रहा है। अमेरिका व अन्य पश्चिमी देश भारत पर इस बात का दबाव बना रहे हैं कि वह रूस के खिलाफ मतदान करे। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि इन देशों ने आज तक आतंकवाद के मुददे पर भारत को कोई सहयोग कभी नहीं दिया। इतिहास गवाह है कि अमेरिका व ब्रिटेन जैसे देश पाकिस्तान के साथ मिलकर जम्मू कश्मीर व पाक अधिकत कश्मीर को मिलाकर एक स्वतंत्र देश बनाने का सपना देख रहे हैं और कई बार उनकी यह साजिशें उन देशों के नेताओं की जुबान पर आ भी जाती हैं। जब गलवान में चीन ने सोची समझी साजिश के तहत हमला किया तब भी ये देश भारत के पक्ष में नहीं बोले तो आज भारत इन देशों का साथ क्यों दे ? भारत में बैठे पश्चिमी मीडिया के पिछलग्गू बुद्धिजीवि सरकार से यह आशा कर रहे है कि वह यूक्रेन का साथ दे तो उनकी बुद्धि पर तरस ही आता है । वर्ष 1998 में जब भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था उस समय संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में भारत पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने के लिए एक प्रस्ताव आया था इस प्रस्ताव को दुनिया के जिन 25 देशों ने प्रस्तुत किया था उसमें यूक्रेन प्रमुख था। भारत के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिये यूक्रेन ने पाकिस्तान का साथ दिया था। सबसे खतरनाक पहलू यह है कि पिछले तीन दशकों से पाकिस्तान को हथियार बेचने वाला सबसे बड़ा देश यूक्रेन बना हुआ है। पाकिस्तान को हथियारों की जरूरत यूक्रेन ही पूरा करता है और वह अब तक पाकिस्तान को 12 हजार करोड़ रूपये के हथियार बेच चुका है आज पाकिस्तान के पास जो 400 टैंक हैं वो यूक्रेन के द्वारा ही बेचे गये हैं। यूक्रेन पाकिस्तान की सेना को मजबूत करने में लगातार सहयोग कर रहा था और वह भारत के लिये बहुत बड़ा खतरा बन चुका था। यूक्रेन पाकिस्तान को चोरी छिपे परमाणु हथियारो की सप्लाई भी कर रहा था। रूस –यूक्रेन संकट पर यूक्रेन के प्रति सहानुभूति दिखा रहे लोगों को यह याद रखना चाहिए कि यूक्रेन का रवैया हमेशा भारत का विरोध ही रहा है और वह कभी नहीं सुधरेगा। आज जब आपरेशन गंगा को सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है तब उस समय भी यूक्रेन की ओर से ही बाधा खड़ी की जा रही है। अब अमेरिका की पृष्ठभूमि पर भी नजर डालते हैं। इतिहास गवाह है कि अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी जगत कभी नहीं चाहता कि भारत एक शक्तिशाली और आत्मनिर्भर देश बन जाये । यह सभी देश भारत को एक बाजार के नजरिये से ही देखते हैं और यही कारण है कि वह समय –समय पर भारत को धमकियां देते रहे हैं और भारत के आंतरिक मामलों में भी हस्तक्षेप करने का प्रयास करते रहते हैं। भारत के खिलाफ विषवमन करते रहते हैं। अमेरिका और ब्रिटेन के अखबारों में भारत विरोधी लेख लिखे जाते हैं उन्हीं के आधार पर भारत के विरोधी दल सरकार के खिलाफ एक माहौल बनाने का प्रयास करते रहते हैं। जरा याद करें जब 1971 के युद्ध में अमेरिका ने भारत को युद्ध रोकने की धमकी दी थी और तब पाकिस्तान की हार आसान लग रही थी उस समय किसिंजर ने पूर्व राष्ट्रपति निक्सन को बंगाल की खाड़ी में परमाणु संचालित विमानवाहक पोत यूएसएस इंटरप्राइज के नेतृत्व में यूएस 7वी फ्लीट भेजने के लिए प्रेरित किया था। उस समय यह दुनिया का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत समुद्र की सतह पर चलता फिरता एक राक्षस था जबकि भारतीय नौसेना के बेड़े का नेतृत्व 20,000 टन के विमानवाहक पोत विक्रांत जिसके पास 20 हल्के लड़ाकू विमान थे ने किया था और उस समय रूस की पनडुब्बियों ने ही 1971 की जंग में अमेरिका के विरूद्ध ढाल बनकर भारतीय नौसेना की रक्षा की थी। रूस ने हर कदम –कदम पर भारत का भरपूर सहयोग किया है जब पूर्व सोवियत संघ था तब भी और आज के समय में जब पूर्व सोवियत संघ खंड– खंड हो चुका है उस समय भी रूस भारत के साथ खड़ा दिखाई देता रहा हैं। जम्मू –कश्मीर के मुददे पर तो रूस ने सदा हर मंच पर भारत का ही साथ दिया है और वह कई बार पाकिस्तान को कड़ी फटकार भी लगाता रहा है। पूर्व सोवियत संघ ने भारत के परमाणु परीक्षण के समय भी भारत का खुलकर विरोध नहीं किया था। अफगानिस्तान में भारत की भूमिका पर भी वह भारत के ही साथ रहा है। आज अगर रूस यूक्रेन को कमजोर कर रहा है और उसकी सेना की कमर को ध्वस्त कर रहा है तो फिर परोक्ष रूप से पाकिस्तान की ताकत को भी कमजोर कर रहा है। वैसे भी पाकिस्तान की हालत बहुत दयनीय हो चुकी है और वह बहुत दबाव में है तथा खिसियाहट में वह भी कोई बड़ी गलती करने का दुस्साहस कर सकता है । उन सभी लोगों को जो लोग आज यह कह रहे हैं कि भारत को यूक्रेन का समर्थन करना चाहिए अगर कल को भारत की ओर से पाकिस्तान की धरती पर चल रहे भारत विरोधी आतंकी ठिकानों पर कार्यवाही करनी पड़ जाये तब यह सभी देश क्या करेंगे? अभी भारत को पाक अधिकृत कश्मीर भी आजाद कराना है जबकि पाकिस्तान कश्मीर का राग अलाप रहा है और चीन की नजर अरूणांचल व लददाख में लगी हुयी है तथा वह कई बार सीमा का उल्लघन भी कर चुका है यह तो बहुत अच्छा है कि इस समय एक देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार चल रही है और देशहित में बड़े फैसले कर रही है। रूस– यूक्रेन विवाद के बीच एक बड़ी खबर यह भी आ गयी कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भारत ने रूस की निंदा वाले प्रस्ताव से एक बार फिर दूरी बनाकर सभी को चौका दिया है । यह प्रस्ताव रूस की सैन्य कार्रवाइयों में मानवाधिकार उल्लंघन के संबंध में लाया गया था। यहां पर 32 सदस्यों ने रूस के निंदा प्रस्ताव का समर्थन किया और भारत सहित 13 देशों ने हिस्सा नहीं लिया। वहीं दो देषों ने प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया। इसी के साथ मानवाधिकार उल्लंघन की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच आयोग के गठन पर मुहर लग गयी। यूक्रेन पर हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र के अलग अलग निकाय रूस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव ला चुके हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि मानवाधिकार परिषद कई मामलों में चुप्पी साध जाती है। यह वही मानवाधिकर परिषद है जिसमें आज तक कश्मीर में आतंकवाद पर चर्चा नहीं की गयी और नहीं कश्मीर पंडितो पर हुए अत्याचारों की जांच के लिए कभी कोई किसी प्रकार की पहल की गयी। हां, अगर भारत में किसी अल्पसंख्यक पर कोई आंच आती है तो यह सदस्य सक्रिय हो जाते हैं। मानवाधिकार परिषद ने आज तक पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में वहां की सेना जो अत्याचार कर रही है और पाकिस्तान व बांग्लादेश में जिस प्रकार से अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं तथा उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है उस पर यह सभी संस्थायें मौन हो जाती हैं। यही कारण है कि आज भारत रूस–यूक्रेन संकट पर तटस्थ रणनीति अपना रहा है और यह अब तक कि सबसे सफल रणनीति मानी जायेगी वर्तमान समय में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बहुत मजबूत स्थिति में खड़ा है जबकि चीन और पाकिस्तान सहित भारत विरोधी एजेंडा चलाने वाले लोग हैरान और परेशान है। यही कारण है कि आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है।

## अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का हुआ आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मंगलवार को डॉ राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय मुफ्तीगंज के प्राचार्य डॉ जयप्रकाश पाठक ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक आयोजन किया । उन्होंने सरस्वती जी के प्रतिमापर माल्यर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । तथा प्राध्यापिका डॉ प्रतिमा सिंह ने छात्र छात्राओं को महिला दिवस के बारे में विस्तृत रूप से बताया ।एवम सशक्तिकरण के बारे में समझाया । छात्र छात्राओं की तरफ से सृष्टि मिश्रा ,स्नेहा यादव , हिमांशु सिंह ,नेहा सरोज , आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किये । तथा कार्यक्रम का संचालन महा विद्यालय के वरिष्ठ छात्र अजीत कुमार यादव , द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम में महा विद्यालय के कर्मचारी मंगल प्रसाद ,अजय सिंह मनोज कुमार एवम राजन यादव आदि उपस्थित रहे।

## अराजक तत्वों ने होलिका में लगाई आग : तनाव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : असामाजिक तत्वों ने नगर के भंडरिया टोला मोहल्ला स्थित पांडे तारा में 8 दिन पूर्व ही मंगलवार को होलिका में आग लगाकर माहौल को बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास किया। पुलिस ने अराजक तत्वों पर कार्यवाही का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। बताया जाता है कि नगर के भंडरिया टोला स्थित पांडे तारा मैं लाल जी मौर्य के जमीन में ग्रामीणों द्वारा होलिका स्थापित की गई थी। मोहल्ले वालों ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि मंगलवार को दिन में 11:00 बजे के लगभग अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ लड़कों ने होलिका में की लकड़ी में आग लगा दिया ।जिससे होली का धू धू कर जल गई। आग लगाने के बाद अराजक तत्व मौके से फरार हो गए। होलिका जलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई । पुलिस द्वारा आक्रोशित ग्रामीणों को अराजक तत्वों को चिन्हित कर कार्यवाही का आश्वासन दिया तब जाकर लोगों का गुस्सा शांत हुआ। प्रभारी निरीक्षक अशेषनाथ सिंह ने बताया कि अराजक तत्वों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। प्रार्थना पत्र देने वालों में अन्नू सेठ, हरिशंकर मौर्य, लाल जी मौर्य, विनोद मौर्या, राजेश मौर्या आदि रहे।

## होलिका दहन स्थलों का पुलिस ने किया निरीक्षण : चालीस पाबन्द

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : होली करीब आते ही पुलिस ने होलिका दहन स्थलों के विवादों का निपटारा शुरू कर दिया है। कोतवाल ने होलिका दहन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के आदेश



दिए हैं। हालांकि वर्तमान में कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी गांव में होलिका दहन स्थल को लेकर विवाद नहीं है फिर भी एहतियात के तौर पर पूर्व में विवाद मे विवाद रहे मोहल्ला नागर व शाहपुर शैदान में होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण कर, 40 लोगों को पाबंद किया है। होली करीब आ गई है,जिसको देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा का प्लान बनाना शुरू कर दिया है। कोतवाल दिलेश कुमार सिंह ने होलिका दहन स्थलों के विवादों का पहले ही निपटारा कर लेने के आदेश दिए हैं। पुलिस ने होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण शुरू कर दिया है। कोतवाल दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि शाहपुर शैदान व मोहल्ला नागर के होलिका दहन स्थलो का निरीक्षण किया गया है। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए दोनों जगह से 20–20 लोगों को पाबंद किया गया है।

## महिला वन स्टॉप सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : 08 मार्च 2022 को महिला अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार महिला शक्ति केंद्र की टीम द्वारा महिला वन स्टॉप सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया, जिनमें समाज में कार्यरत उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने काफी संघर्ष के पश्चात जमीनी स्तर से उठकर आज अपनी उड़ान भरी हैं उन्हीं के द्वारा ग्रामीण स्तर पर रहने वाली उन महिलाओं को अपनी स्वयं




के संघर्ष की कहानी को बता कर उनको प्रेरित की है। अतुल्य वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष श्रीमती उर्वशी सिंह द्वारा अपने जीवन के संघर्षों को बताते हुए कि उन्होंने अपने ससुराल में इतने संघर्ष को फेस करते हुए आज इस मुकाम पर पहुंची हैं कि उनके द्वारा कई एनजीओ चलाए जा रहे हैं जिनमें महिलाएं समाज की सेवा कर रही हैं। उसी क्रम में सखी फाउंडेशन की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति गुप्ता द्वारा बताया गया कि बच्चियों और बच्चों में कोई भेद नहीं है यदि हम अपने बच्चियों को उसी प्रकार से पढ़ाएंगे जैसे एक बच्चों को पढ़ाते हैं तो वह भी हमारा नाम रोशन करती हैं। इसी प्रकार उनका कहना है कि यदि आपको स्वयं में सक्षम बनना है तो सबसे पहले आपको खुद आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने कहा कि आप स्वयं आत्मनिर्भर नहीं बनेंगे तब तक कोई भी व्यक्ति आपको किसी कार्य के लिए प्रेरित नहीं कर सकता। करंजकला ब्लॉक की एक आगनबाड़ी कार्यकर्ती कमला देवी जिन्होंने अपने जीवन के संघर्षों की कहानी उन महिलाओं के समक्ष प्रस्तुत की और बताया कि किस प्रकार से वह परेशानियों से उबर कर आज अपने बलबूते पर खड़ी हैं। उन्होंने अन्य महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह भी उनकी तरह उन सभी महिलाओं की सहायता कर सकती हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बना सकती हैं। कार्यक्रम में महिला कल्याण अधिकारी नीता वर्मा, जिला समन्वयक प्रतिभा सिंह व बबीता, केस वर्कर कविता वर्मा तथा अन्य कर्मचारीगण द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

## भाजपा की प्रदेश में बनेगी प्रचंड बहुमत की सरकार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) देश में विधानसभा चुनाव के अंतिम सातवें चरण के मतदान सफलता पूर्वक पूरे होने पर चुनाव आयोग ने चुनाव में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। वहीं पर उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने का दावा भाजपा के पूर्वांचल के कद्दावर नेता एवं पूर्व मंत्री रहे अनिल तिवारी ने किया है और कहा है कि प्रदेश में भाजपा के पक्ष में मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह है, जिसे उन्होंने मत के रूप में देश के ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास के विजन को साकार करने के पक्ष में मतदान किया और एक बार फिर उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। भाजपा सांसद लल्लू सिंह ने भी पीएम मोदी एंवम सीएम योगी के हाथों को मजबूत करने के लिए प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने का दावा किया है। भाजपा के थिंक टैंक माने जाने वाले एवं सक्रिय सदस्य सुनील श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश में तीन सौ के पार का प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने के साथ ही लोकसभा चुनाव के 2024 का इतिहास लिखने का दावा किया है। भारतीय जनता पार्टी के अवध प्रांत के क्षेत्रीय संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता पीयूष रंजन श्रीवास्तव ने भी जिले की पांचों सीटों पर जहां जीत का दावा किया है वहीं पर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदाताओं के जाति धर्म के भेदभाव मिटाकर मतदान करने के साथ प्रदेश में भाजपा सरकार बनने की वकालत की है ।भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व एमएलसी प्रत्याशी वीरभानु प्रताप सिंह ने भी द्वारा उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत से सरकार बना कर विकास की इबारत लिखने का आम जनता के द्वारा दावा किया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं साकेत के पूर्व अध्यक्ष दिनकर पांडे ने भी भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में बनने का दावा करते हुए बताया है कि अयोध्या में भव्य दिव्य राम मंदिर निर्माण एवं देश में जाति धर्म से उठकर सर्व समाज के विकास के कार्यों को अंजाम देने के लिए एक बार फिर प्रदेश में भाजपा सरकार बनने जा रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अवकाश प्राप्त प्रोफेसर कृष्ण मुरारी सिंह ने भी सर्व समाज के नारे को धरातल पर उतारने वाली भाजपा सरकार एक बार फिर उत्तर प्रदेश में बनने का दावा किया है। देश के ब्राह्मणो के ध्वजवाहक अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपानिधान तिवारी ने भी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रवाद एवं विकास के आधार पर भाजपा सरकार बनाने का अपना दावा दोहराया है। हिंदू योद्धा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मिश्र ने भी भाजपा की उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का दावा पेश किया है। समाजसेवी एवं पेसे से अवकाश प्राप्त चिकित्सक डॉ बी पी पांडे डॉ आनंद माधव उपाध्याय चाणक्य परिषद से जुड़े डॉ आरडी पांडे शहर के रईस ज्योति पतिराम ने भी भाजपा सरकार बनाने का उत्तर प्रदेश में दावा करने के साथ ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों को मजबूत करने की वकालत की है।

## जज के परिवार को कुचलने की कोशिश करने वाले को जेल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक कुमार बगाडिया की पत्नी और मासूम पुत्री को कुचलने के प्रयास में आरोपित मनुज मल्होत्रा को जेल भेज दिया गया है। रविवार को पुलिस ने यह कार्रवाई की। शनिवार को हुई वारदात में जज की पत्नी एवं बच्ची बाल–बाल बच गए थे। आरोपित मनुज गैंगस्टर का अभियुक्त है, जो जमानत पर जेल से छूटा है। इस मामले में जज के वाहन चालक सआदतगंज निवासी शक्ति सिंह ने हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना के वक्त आरोपी मनुज के साथ कार में एक और युवक भी मौजूद था, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। शनिवार को जज की पत्नी कार से अपनी पुत्री को लेने स्कूल गईं थीं। उनकी कार को चालक शक्ति सिंह चला रहा था। आरोप है कि, मनुज ने कहा– यह जज साहब की पत्नी हैं, जहां हमारा मुकदमा चल रहा है। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए विपक्षी हमलावर हो गए तथा जज के परिवार को कुचलने का प्रयास किया गया। मनुज अयोध्या जालपा नाला के निकट का रहने वाला है। अभियुक्त मनुज वर्ष 2019 में हुए शहर के बहुचर्चित मनोज शुक्ल हत्याकांड में आरोपित है। कैंट थाना प्रभारी एपी सिंह ने बताया कि मनुज मल्होत्रा को जेल भेज दिया गया है। दूसरे अभियुक्त की तलाश की जा रही है।

## अस्पताल में इमरजेंसी से लेकर ओपीडी सेवाएं भी रहती है ठप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) तहसील मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पूरी तरह से रामराज्य छा गया है। यहां तक कि प्रातः 9 बज कर 30 मिनट तक अस्पताल की ओपीडी की तो बात दूर आपातकालीन सेवा इमरजेंसी भी पूरी तरीके से बंद पड़ी थी और अस्पताल भवन में ताला जड़ा हुआ था। सीएचसी मिल्कीपुर पर तैनात चिकित्सकों एवं अस्पताल कर्मियों की लापरवाही हद पार कर चुकी है निरंकुश एवं बेलगाम अस्पताल कर्मियों की मनमानी के चलते अस्पताल का संचालन भी मनमाने तरीके से किया जा रहा है। इसका जायजा सोमवार को ले जाने के बाद पता चला कि अस्पताल भवन में ताला बंद है और आकस्मिक सेवाएं भी नहीं संचालित की जा रही हैं। इस संबंध में अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अहमद हसन किदवई ने बताया कि अस्पताल खुलने का समय 10:00 बजे से निर्धारित है जब उनसे आपातकालीन इमरजेंसी सेवा के संबंध में बात की गई तो उस सवाल पर चुप्पी साध गए और निरुत्तर दिखे।

## "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" पर विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं एक्शन प्लान मार्च 2022 के अन्तर्गत माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एम0पी0 सिंह के संरक्षण में "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" के विषय पर सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत की अध्यक्षता में 08 मार्च 2022 को "ए0डी0आर0 भवन मध्यस्थता केन्द्र तथा अधिवक्ता बार एसोसिऐशन दीवानी न्यायालय परिसर जौनपुर" में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को शिक्षित किए जाने पर विशेष बल देते हुए कहा कि महिलाएं स्वस्थ समाज की आधारशिला अपने संस्कार, विचार से रखती है एवं विकासोन्मुख समाज की संरचना को आकार देती है। इसलिए सभी महिलाओं को शिक्षित एवं जागरूक करना प्रथम आवश्यकता है। संविधान में उल्लिखित उद्देश्यों की पूर्ति तभी हो सकती है जब महिला को समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के समान अवसर प्राप्त हों तथा उनको उपेक्षित न रखा जाए और महिलाओं के प्रति हिंसा न कारित की जाए। भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को मारने वाली दानवीय सोच को मारना जरूरी है जैसे दहेज प्रथा, अशिक्षा, यौन हिंसा, असमानता, भ्रूण हत्या, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, बलात्कार, वैश्यावृत्ति, मानव तस्करी और लैंगिक भेदभाव राष्ट्र में सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक अंतर ले आता है जो देश की प्रगति को अवरूद्ध करती है। भारत के संविधान में उल्लिखित समानता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना सबसे प्रभावशाली उपाय है। इस अवसर पर श्रीमती मंजु शास्त्री अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि वैसे तो आज समाज काफी आगे निकल गया है, लेकिन महिलाओं के हक की लड़ाई आज भी जारी है। हालांकि कई महिलाऐ ऐसी है जो आज जगहों पर सम्मान और अधिकार नहीं मिल रहे है। ऐसे मे ये दिन महिलाओं के अधिकार, सम्मान दिलाने के लिए समाज को जागरूक करने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है। रिसोर्स पर्सन रंजीता शर्मा द्वारा बताय गया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं व उनकी उपलब्धियों के प्रति सम्मा प्रकट कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। साथ ही भेदभाव मिटाकर समानता के बीच उनके अधिकारों की बात की जाती है। इसके अलावा इन दिन का मकसद महिलाओं के अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाना भी है ताकि उन्हें उनका हक मिल सके और वह पुरूर्षो के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सके। पैनल अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार यादव द्वारा महिलाओं के अधिकार के विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान कराते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर अध्यक्ष, अधिवक्ता बार एसोसिएशन समर बहादुर यादव, मंत्री, अधिवक्ता बार एसोसिएशन भूपेश चन्द्र रघुवंशी तथा समस्त अधिवक्तागण, मध्यस्थ बीना श्रीवास्तव एवं पी0एल0वी0 चन्द्रावती निगम, माला देवी, शिवशंकर सिंह, सुनील कुमार गौतम, रूपेश सेठ एवं अन्य महिलाऐं उपस्थित रही।

## छज्जा गिरने से तीन मजदूर घायल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : छत की स्लेप खोलने के दौरान वहां का छज्जा अचानक भर–भरा कर ढ़ह गया। वहां काम कर रहे तीन मजदूर उसके मलबे में दब गए। हादसा होने से गांव में हड़कंप मच गया। आनन–फानन में मलबे के नीचे दबे मज दूरों को इलाज के लिए हरदोई मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि मंगलवार को हरियावां थाने के मदरावां गांव में वहीं के पिंकू के मकान में पड़ी स्लेप खोली जा रही थी।इसी बीच वहां छज्जा अचानक भर–भरा कर ढ़ह गया।इस हादसे में वहां काम कर रहे पिंकू के अलावा भुवनेश्वर और शांति मलबे में दब गए। छज्जा ढहने से गांव में हड़कंप मच गया। गांव के तमाम लोग दौड़ पड़े। सभी ने मिलकर मलबे में दबे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला। उन्हें जख्मी हालत में हरदोई मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज कर रहे डाक्टरों ने फिलहाल तीनों की हालत खतरे से बाहर बताई है।

